अमर उजाला 07-03-2024

मतदान जागरूकता के लिए लगाया शिविर

अंबाला। छावनी स्थित जीएमएन कॉलेज में एनएसएस यूनिट की ओर से कॉलेज परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। इसका विषय मतदान जागरूकता रहा। इसके अंतर्गत विशेष व्याख्यान और नारा लेखन, विशेष सेल्फी का आयोजन किया।

मुख्य वक्ता के रूप में लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार पुनिया ने बताया कि सरकारों का सत्ता में रहना एवं सत्ताच्युत होना मतदान पर निर्भर करता है। हमें जाति विशेष, संप्रदाय विशेष, धर्म विशेष से ऊपर उठकर मतदान करना चाहिए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और मतदान करके हमें अपने कर्तव्य का अनुपालन करना चाहिए। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मवीर सैनी ने भी संबोधित किया। संवाद